>

Title: Issue of Government responses / followup regarding matters raised during Zero Hour by the Members.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : अध्यक्ष जी, आपने जीरो ऑवर में जो एक व्यवस्था दी है, अगर वह सदस्यों की जानकारी में आ जाएगा, तो ठीक रहेगा । पहले जीरो ऑवर में कोई विषय उठता था, तो उस पर भारत सरकार रिस्पांड करे या जवाब दे, यह जरूरी नहीं था, लेकिन अभी आपने व्यवस्था दी है कि राज्य सरकारों से संबंधित जो विषय हैं ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सरकार में हैं, आप व्यवस्था को बता दीजिए ।

…(व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : अध्यक्ष जी, आपने डिस्कशन के दौरान बताया है और आपने जो कहा है, मैं उसे सदस्यों को बताना चाहता हूं कि जो राज्य सरकार से संबंधित विषय हैं, उन विषयों को छोड़कर, जो विषय केन्द्र सरकार से संबंधित हैं, आपके वे सारे विषय मंत्रालयों को जाएंगे और मंत्रालय आपको रिस्पांड करने का प्रयास करेंगे ।…(व्यवधान)